राजस्थान सरकार
स्टेट इनोवेशन कौंसिल
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग

क्रमांक : F. (10) DST/SIC/ Scouting-NIF 927 दिनांक : 6/03/25

सचिव,
राज्य नवप्रवर्तन परिषद, राजस्थान,
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग,
शास्त्री नगर, जयपुर।

दिनांक – 06.03.2025

श्री सज्जन सिंह,
गांव दांतारामगढ़,
जिला सीकर, राजस्थान – 332703
मो. नं. 09667922108

महोदय,

राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान, भारत सरकार के वित्तीय सहयोग से राज्य नवप्रवर्तन परिषद राजस्थान, राज्य में नवप्रवर्तनों को खोजकर दस्तावेजीकरण का कार्य करवाया जाना है, इस कार्य हेतु आपकी योग्यता एवं राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान, भारत सरकार के साथ नवप्रवर्तन की खोज एवं दस्तावेजीकरण कार्य के अनुभव के आधार पर राज्य में नवप्रवर्तन खोज एवं दस्तावेजी कार्य हेतु (अधिकतम 06 माह) आपकी भागीदारी निम्नलिखित शर्तों के अधीन अपेक्षित है :–

1. उक्त कार्य हेतु अधिकतम एक मुश्त मानदेय राशि रू. 14,000/– प्रतिमाह देय होगा, जो आगामी माह के 07 दिवस में ऑन–लाईन आपके खाते में जमा कर दी जाएगी।
2. खोज एवं दस्तावेजीकरण का कार्य अधिकतम 06 माह का होगा, अवधि को आवश्यकता अनुसार कम या ज्यादा किया जा सकता है।
3. उक्त कार्य हेतु न्यूनतम 20 दिवस फिल्ड में रहकर कार्य सम्पादित करना होगा।
4. नियमानुसार अधिकतम 06 दिवस का राजकीय अवकाश स्वीकृत होगा।
5. प्रतिमाह यात्रा करने से पूर्व यात्रा विवरण प्रस्तुत करना होगा एवं कार्य हेतु फिल्ड में किए गए कार्य का लिखित विवरण प्रत्येक माह के अन्तिम दिवस को स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करनी अनिवार्य होगी, तत्पश्चात् ही मानदेय राशि जारी की जाएगी।
6. यह सेवाएं पूर्ण रूप से अस्थाई है, जिसका भविष्य में किसी प्रकार का दावा स्वीकार्य नहीं होगा।

7. सचिव, राज्य नवप्रवर्तन परिषद, राजस्थान द्वारा आपके कार्य की प्रतिमाह मूल्यांकन के आधार पर कार्य अवधि को घटाया/बढ़ाया जा सकेगा।

8. मानदेय में कटौती की गणना छुट्टियों के आधार पर की जाएगी।

9. उक्त कार्य हेतु 100/– रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर शपथ–पत्र (परिशिष्ट–1) प्रस्तुत करना होगा, जिसके पश्चात् कार्यादेश जारी किया जाएगा।

10. विभाग द्वारा SPPP Portal पर जारी सहमति पत्र Download कर अपनी सहमति से 07 दिवस के भीतर अवगत करावें।

11. फील्ड कार्य हेतु निम्नानुसार यात्रा भत्ता भुगतान दिया जाएगा :–

क्र.सं.	विवरण	पात्रता	संलग्न पत्रादि
1.	लम्बी दूरी की यात्रा भत्ता	बस, ट्रेन (स्लीपर क्लास)	वास्तविक टिकट
2.	लोकल यात्रा भत्ता	बस, ऑटो	बस का टिकट, ऑटो का नम्बर/ऑटो का फोटो गाड़ी नम्बर सहित
3.	भोजन भत्ता	होटल का बिल या 300/– अधिकतम प्रति दिवस	बिल
4.	होटल भत्ता	किसी भी होटल, धर्मशाला में ठहरने की अनुमति अधिकतम 500/– रूपए तक	बिल

सचिव (SIC)

क्रमांक : F. (10) DST/SIC/ Scouting-NIF 928-29 दिनांक : 6/03/25

1. निजी सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, जयपुर।
2. प्रोग्रामर, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, जयपुर।

सचिव (SIC)

परिशिष्ट–1

(100/– रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर)

शपथ–पत्र

मैं .... पुत्र श्री .... उम्र .... निवासी .... आधार नम्बर .... निम्नानुसार शपथपूर्वक घोषणा करता हूँ :–

1. यह कि मेरे द्वारा राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान, भारत सरकार के लिए खोज एवं दस्तावेजीकरण का कार्य वर्ष .... से वर्ष .... तक सम्पादित किया गया है।
2. यह कि वर्तमान में मेरे द्वारा किसी अन्य संस्थाओं के साथ कार्य नहीं कर रहा हूँ।
3. यह कि मैं खोज एवं दस्तावेजी कार्य हेतु किए गए कार्य के विरूद्ध राज्य नवप्रवर्तन परिषद से किसी भी प्रकार की कोई स्थाई नियुक्ति आदि के संबंध में दावा नहीं करूंगा।
4. राज्य नवप्रवर्तन परिषद हेतु किए गए खोज एवं दस्तावेजीकरण के कार्य से संबंधित समस्त जानकारी/सूचना गोपनीय रखूंगा एवं किसी भी अन्य संस्था के साथ साझा नहीं करूंगा।

दिनांक :

स्थान :

हस्ताक्षर